सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 106 | इंदौर, बुधवार 30 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. India Canada: कनाडा ने निज्जर मामले से जुड़ी जानकारी अमेरिकी मीडिया को लीक की, ट्रूडो की सलाहकार ने स्वीकारा

2. गाजियाबाद की कचहरी में बवाल: जज को घिरता देख किया लाठीचार्ज... पुलिसवालों ने वकीलों को जड़े थप्पड़; बरसाई लाठी

# ।। शुभ नरकचतुर्दशी । शुभ रूपचौदस ।।

कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने, प्रणत क्लेशनाशाय गोविन्दाय नमो नमः

यमाय धर्मराजाय मृत्यवे चांतकाय च, वैवस्वताय कालाय सर्वभूतक्षयाय च ।
औदुम्बराय दध्नाय नीलाय परमेष्ठिने, वृकोदराय चित्राय चित्रगुप्ताय वै नमः ।।

भर्जनम् भव बीजानाम्,अर्जनम् सुख सम्पदाम्।
तर्जनम् यम दूतानाम्, राम रामेति गर्जनम्'
मनोजवं मारुततुल्यवेगं जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्।
वातात्मजं वानरयूथमुख्यं श्रीरामदूतं शिरसा नमामि

कोकिलानां स्वरो रूपं नारीरूपं पतिव्रतम् ।
विद्यारूपं कुरूपाणां क्षमा रूपं तपस्विनाम् ।। (चा.नी.)

अर्थात् - कोयल की सुन्दरता उसके गायन में है। एक स्त्री की सुन्दरता पति-परिवार के प्रति उसके समर्पण में है। कुरूप की सुन्दरता उसके ज्ञान में है तथा एक तपस्वी की सुन्दरता उसकी क्षमाशीलता में निहित होती है।

FOLLOW US

091110 50101 | www.detectivegroup.in www.detectivesgroup.com



# पीएम ने किया ईएसआईसी के नए हॉस्पिटल का वर्चुअल लोकार्पण

**12 लाख कर्मचारियों को मिलेगा फायदा, इंदौर में 85 एकड़ में बना है प्रदेश का सबसे बड़ा हॉस्पिटल**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के सबसे बड़े ईएसआईसी हॉस्पिटल का वर्चुअली लोकार्पण किया। इंदौर में 3.78 करोड़ की लागत से तैयार हुए कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) का यह प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल है। नंदानगर में बना यह सात मंजिला हॉस्पिटल 85 एकड़ में फैला है। इस बड़ी जमीन पर अस्पताल की बिल्डिंग 12 एकड़ में बनी है, जबकि बाकी हिस्सों में कैफेटेरिया, बड़ा पार्किंग स्थल और बगीचे के लिए जगह रखी गई है।**



हॉस्पिटल की क्षमता 300 बेड की है और इसे इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि इसे 500 बेड तक बढ़ाया जा सकता है। इसका निर्माण सीपीडब्ल्यूडी द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी वर्चुअल शामिल हुए। वहीं मंच में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी और विधायक रमेश मेंदोला सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। खास बात यह है कि यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रिकॉर्ड समय (दो साल) में बनकर तैयार हुआ है।

दरअसल, इसी परिसर में स्थित ईएसआईसी की पुरानी बिल्डिंग में अब तक अस्पताल का संचालन चल रहा था। इसे अब इस नए अस्पताल में शिफ्ट किया जाएगा। वर्तमान में मौजूदा स्टाफ से ही इसका संचालन किया जाएगा, जबकि नई नियुक्तियों की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है।

### प्रदेश के 12 लाख कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

डॉ. आर.डी. रुबानी (रीजनल डायरेक्टर, ईएसआईसी) ने बताया कि प्रदेश में ऐसे कर्मचारी, जिनके संस्थान या विभाग ईएसआईसी से संबद्ध हैं और जिनकी सैलरी 21 हजार रुपए प्रति माह तक है, वे इसके दायरे में होंगे। ऐसे प्रदेश में 12 लाख कर्मचारी हैं जिन्हें इसका लाभ मिलेगा। खास बात यह है कि इनका पूरा इलाज मुफ्त में होगा। इन कर्मचारियों का एकउ में 4% तक अंशदान होता है, जिसमें कर्मचारी की सैलरी से 0.7% का योगदान रहता है।

# शहर में 15 हजार रुपए किलो वाली मिठाई

**ड्राय फ्रूट स्वीट्स का एक पीस 500 रुपए का**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर की मिठाई और नमकीन अमेरिका तक फेमस हैं। दिवाली पर मिठाई की सप्लाई सियाचिन बॉर्डर से लेकर दुबई, यूके, गल्फ कंट्री और यूरोप के साथ-साथ यूएस तक की जा रही है। यहां की सबसे महंगी मिठाई गोल्ड पिस्ता 15 हजार रुपए किलो और पिस्ता लौंज 3600 रुपए किलो है। 2500 रुपए के 5 पीस वाली ड्राइ फ्रूट से बनी गोल्ड कॉइन मिठाई भी बेहद खास है। इसे पूरी तरह से ड्राइ फ्रूट और 24 कैरट गोल्ड की परत चढ़ाकर बनाते हैं।**

इंदौर नमकीन मिठाई एसोसिएशन के सचिव अनुराग बोथरा ने बताया कि वैसे तो आम दिनों में एक से दो टन मिठाई प्रतिदिन बिक जाती हैं, लेकिन दिवाली पर इसकी बिक्री 10 गुना तक बढ़ जाती है। इस साल त्योहार पर इंदौर में 30 से 40 टन मिठाई की बिक्री होने की उम्मीद है। वहीं कॉर्पोरेट और थोक बाजार भी शामिल करें तो यह आंकड़ा 25 गुना तक पहुंच जाता है।

शहर में 400 रुपए किलो से लेकर 3600 रुपए किलो तक की मिठाई बिक रही हैं। ऑन ऑर्डर मिठाई शहर में 15 हजार रुपए किलो भी उपलब्ध है। अनुराग बोथरा के अनुसार इंदौर की मिठाई सियाचिन और तवांग बॉर्डर सहित देश के हर कोने में जाती है।

### इंदौर की मिठाई आर्मी अफसरों की पहली पसंद

नवीन सैनी के अनुसार महू में सेना की अलग-अलग ब्रांच के सेंटर हैं। इसके चलते यहां बड़ी संख्या में अधिकारी और जवान ट्रेनिंग के लिए आते हैं। इसके बाद इनकी जहां भी पोस्टिंग होती है, महू से मिठाई जरूर बुलवाते हैं। हम मिठाई की स्पेशल पैकिंग भी करते हैं, ताकि मिठाई सियाचिन या तवांग बॉर्डर पर बनी ऊंचाई वाली पोस्ट तक भी अच्छे से पहुंच सके। आर्मी अफसरों की पसंदीदा मिठाई में संगम बर्फी, गोंदी मगज के लड्डू, मक्खन बड़ा और मिल्क केक शामिल हैं।

# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग में पांच दिवसीय दीपोत्सव शुरू

**निकाली नाम जप प्रभातफेरी, महालक्ष्मी का पंचामृत से किया महाभिषेक**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग में पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत मंगलवार को हुई। दीपोत्सव नागोरिया पीठाधीश्वर स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज के सान्निध्य में किया जा रहा है। इस अवसर पर भक्तों ने गोविंदा गोविंदा की नाम जप प्रभात फेरी देवस्थान में निकाली। इसके बाद भगवती महालक्ष्मी का स्वामी विष्णु प्रपन्नाचार्य महाराज ने दूध, दही, घी, शक्कर, इत्र, केसर, फलों के रस व नदियों के जल की सहस्त्रधारा से महाभिषेक किया।**

मंदिर के मीडिया प्रभारी पंकज तोतला ने बताया कि मां भगवती परम्बा को हल्दी का उबटन व औषधी लगाकर भी स्नान कराया गया। सुंदर अलौकिक श्रृंगार कर रत्न आभूषण धारण कराए व अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। दूसरे दिन शेषावतार श्री रामानुज स्वामीजी की होगी आराधना। तीसरे दिन प्रभु वेंकटेश की व भगवती श्री महालक्ष्मी की दिव्य स्वर्ण पुष्पों व रजत पुष्पों से अर्चना की जाएगी। चौथे दिन सभी वैष्णवजन अपने आराध्य की तुलसी दल से अर्चना कराकर प्रभु को प्रणाम कर करेंगे। अपने सुख व समृद्धि की कामना के साथ वर्ष की शुरूआत करेंगे। प्रभु को नए अन्न और सब्जियों से निर्मित प्रसादी का भोग अर्पित किया जाएगा। पांचवें दिन गो माता का होगा पूजन श्रृंगार ओर गो माता को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। रोजाना प्रभु वेंकटेश और मां भगवती महालक्ष्मी अनेक प्रकार के रत्न आभूषण सुंदर पोशाक धारण कर भक्तों को दर्शन देंगे।

**दीपावली के मौके पर युवाओं को विशेष उपहार**

# विभिन्न शासकीय विभागों में चयनित 323 युवाओं को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सरकार के विभिन्न विभागों में चयनित उम्मीदवारों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से नियुक्ति आदेश प्रदान किए। यह सभी चयनित युवा केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं देंगे। इंदौर में रविंद्र नाट्य गृह में आयोजित रोजगार मेले में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री महिला बाल विकास सावित्री ठाकुर, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक (महू) उषा ठाकुर उपस्थित थीं।**



देशभर में 40 स्थान पर आयोजित रोजगार मेले का नोडल डाक विभाग को बनाया गया था। रोजगार मेले के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री ठाकुर ने कहा कि 2014 से लगातार भारत विकास की ओर अग्रसर है। भारत में बड़ी आबादी युवाओं की है। इसी को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार विभिन्न रोजगार सृजन के कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने कहा कि इंदौर में आयोजित रोजगार मेले के माध्यम से 323 युवाओं को नियुक्ति पत्र दीपावली का बड़ा उपहार है। कार्यक्रम की शुरूआत में इंदौर डाक विभाग की पोस्ट मास्टर जनरल प्रीति अग्रवाल ने रोजगार मेले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज इंदौर सहित देश भर में 40 स्थानों पर आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअली प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि इंदौर में आयोजित रोजगार मेले के माध्यम से भारतीय डाक विभाग के 253, भारतीय रेलवे के 46, सीमा सुरक्षा बल के 3, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 4, उच्च शिक्षा विभाग (स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर) के 1, फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के 2 और भारतीय स्टेट बैंक के 14 सहित चयनित कुल 323 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदाय किए गए।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी

**कलेक्टर ने एकता की शपथ दिलाई**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर मंगलवार को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। सुबह प्रतिभागी नेहरू स्टेडियम से जीपीओ चौराहा, शिवाजी वाटिका, जिमखाना होते हुए फिर नेहरू स्टेडियम तक पहुंचे।। कार्यक्रम का शुभारंभ कमिश्नर दीपक सिंह और अपर कमिश्नर अभिलाष मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और अन्य सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। रन फॉर यूनिटी में 400 से ज्यादा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और देश की एकता व अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।



कमिश्नर ने सभी प्रतिभागियों को एकता की शपथ दिलाई। उधर, एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ज्योति शर्मा, राजेंद्र सिंह रघुवंशी, निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# त्योहार के चलते गेंदा-कमल के दाम बढ़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दीपावली के त्योहार के चलते फूलों के दामों में भी तेजी आ गई है। मंगलवार को धनतेरस के मौके पर शहर के हर क्षेत्र में फूलों की फुटकर बिक्री करने वाले नजर आएं। घरों, दुकानों, मंदिरों और कार्यस्थलों पर सजावट के लिए फूलों की खरीदारी की गई। आने वाले तीन-चार दिन शहर में गेंदा, गुलाब, कमल, सेवंती फूल जमकर बिकेगा। सबसे ज्यादा मांग गेंदे की रहेगी। फिलहाल गेंदा मंडी में 50 से 60 रुपए किलो बिक रहा है। खेरची में गेंदे के फूल के भाव 100 से 150 रुपए किलो तक हैं। वहीं माला 200 रुपए किलो तक बिक रही है। कमल के फूल के दाम भी बढ़ गए हैं। 10 रुपए नग तक कमल बिक रहा है।

# एक को 10 तो दूसरी को 2 लाख के लिए सताया

## दहेज यातना की शिकार दो महिलाओं ने ली पुलिस की शरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं को दहेज के लिए सताने के मामलों में पुलिस ने उनके ससुराल वालों पर प्रकरण दर्ज किए हैं। एक महिला से जहां दहेज में 10 लाख रुपए की मांग की गई तो वहीं दूसरी को 2 लाख रुपए के लिए सताया गया। प्रताड़ना से तंग आकर दोनों महिलाओं ने पुलिस की शरण लेते हुए प्रकरण दर्ज कराया।**



महिला थाना पुलिस के अनुसार पहला प्रकरण पीड़िता वंदना कोस्टा, निवासी नंदानगर की शिकायत पर उसके पति आकाश कोस्टा और ससुर खेमचंद कोस्टा, सास संगीता कोस्टा, देवर सानू कोस्टा सभी निवासी एमेरल्ड सिटी अरविंदो हॉस्पिटल के सामने के खिलाफ दर्ज किया गया है। आरोप है कि पीड़िता को डेढ़ साल पहले ससुराल वालों ने 10 लाख रुपए दहेज के लिए घर से निकला था, अब तक उसे आने नहीं दिया गया है।

इसी प्रकार महिला थाने में ही सुमित्रा निवासी चंदननगर की शिकायत पर उसके पति अनिल पाटिल सहित ससुराल के लालू पाटिल, राजाराम पाटिल, अनिता और प्रवीण सभी निवासी धार के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया की शादी के बाद से ही उसे दो लाख रुपए दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। करीब साल भर पहले उसे घर से भी निकाल दिया गया। दोनों ही मामलों में पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# मंदिर में भिड़े भक्त, जाली लगाने की बात पर हुआ था विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मंदिर में जाली लगाने की बात पर भक्त आपस में भिड़ लिए और एक युवक पर हमला कर दिया। दरअसल एक भक्त जाली लगाने का कह रहा था और दूसरे को इस पर आपत्ति थी, इसी बात पर उनके विवाद हो गया। मल्हारगंज पुलिस के अनुसार घटना इलाके में स्थित हनुमान मंदिर की है। मामले में अशोक पटेल निवासी बड़ा सराफा की शिकायत पर आरोपी प्रकाश उर्फ सिद्धू बड़े और बंसी कौशल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अशोक ने पुलिस को बताया कि हनुमान मंदिर दास बगीची में सुबह साफ-सफाई चल रही थी तभी वहां पर प्रकाश, बंसी कौशल आए और कहने लगे कि वह वहां पर जाली नहीं लगने देंगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच आपस में कहा सुनी हुई तो आरोपियों ने अशोक पटेल को मंदिर परिसर में ही पीट दिया। इसके बाद धमकाते हुए भाग निकले। घायल ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी का पता लगा रही है।

## धुले के युवक से सवा 24 किलो गांजा जब्त

**इंदौर।** धुले से इंदौर आकर मादक पदार्थ बेचने वाले युवक को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से दो लाख 24 हजार रुपए कीमत का 24 किलो 240 ग्राम गांजा जब्त किया है। मामले में पुलिस ने बायपास एबी रोड स्थित नेक्सा शोरूम के पास से कातिलाल पावरा पिता धनसिंह निवासी भोहेटी धुले(महाराष्ट्र) को पकड़ा है। आरोपी से मादक पदार्थ को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# बेटे ने पिता को पीट दिया

### घूमने का पूछा तो मां के परिचित संग मिलकर किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पत्नी और बेटे को कार में देखकर पिता ने अपनी बाइक रोकी और पूछा कि यह गाड़ी किसकी है और कहां पर घूम रहे हो। इसी बात पर कार में सवार बेटे ने अपनी मां के परिचित के साथ मिलकर बीच सड़क पर ही पिता से विवाद किया और मारपीट कर दी।**

विवाद एमआईजी इलाके में हुआ। थाने में विश्वजीत पाल निवासी एमआर-4 महालक्ष्मी नगर की शिकायत पर कपिल गौर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। विश्वजीत ने पुलिस को बताया कि वह मार्केटिंग के काम से बंगाली चौराहे से विजयनगर की ओर जा रहा था, तभी उसने रोबोट चौराहे पर मंदिर के पास एक कार में पत्नी दीप्ति और बेटे को देखा। उसने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की और कार का दरवाजा ठोक कर पत्नी से पूछने लगा कि कहां पर घूम रहे हो और यह किसकी गाड़ी है। इसी दौरान कार चला रहा युवक कपिल गौड़ गाड़ी से उतरा और उसने आते ही विश्वजीत पर हमला कर दिया। वह उसे गालियां दे रहा था। कपिल का साथ खुद फरियादी के बेटे ने भी दिया। दोनों ने मिलकर सड़क पर विश्वजीत की पिटाई कर दी, बताया जा रहा है दंपति में विवाद चल रहा है, कल बाजार में आमने-सामने हुए तो फिर झगड़ा हो गया। मामले में पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# दंपती ने महिला को दिया धोखा

## सिक्योरिटी बतौर प्लाट रखा और बेच दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महिला के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने दंपती के खिलाफ केस दर्ज किया है। बताते हैं कि दंपती कपड़ा कारोबारी है। उनको रुपयों की जरूरत रहती थी तो वह महिला से रुपए उधार ले लेते थे। रुपए चुकाने के लिए उन्होंने अपना एक प्लॉट सिक्योरिटी के बतौर महिला को लिखापढ़ी कर दे दिया था । बाद में उस प्लॉट को बेच दिया और इसके बारे में महिला को जानकारी भी नहीं दी। महिला को जब पैसा और प्लॉट दोनों ही नहीं मिले तो उसने पुलिस की शरण लेते हुए प्रकरण दर्ज कराया।**

परदेशीपुरा थाने में पूजा पति प्रमोद तिवारी निवासी क्लर्क कॉलोनी की शिकायत पर आरोपी अनिल ठाकुर और उसकी पत्नी सोनी दोनों निवासी नेहरू नगर के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी कपड़े की दुकान चलाते हैं। उसके परिचित थे समय-समय पर कारोबार के लिए पैसा उधार लेते रहते थे, जब काफी पैसा उधार हो गया तो पूजा ने पैसा लौटाने को कहा तब दंपती ने अपना एक प्लॉट लिखा पढ़ी कर पूजा को दे दिया।

कुछ दिन पहले पूजा को पता लगा कि उसे प्लॉट को आरोपी दंपति ने बेच दिया है। पूजा ने अपने उधर दिए रुपए मांगे तो आरोपी दंपती आनाकानी कर धमकाने लग गए इसके बाद मामला थाने तक पहुंचा और केस दर्ज हुआ है। मामले में पुलिस प्रकरण दर्ज कर मामले में जांच कर रही है।

# खेलते-खेलते घर का रास्ता भटकी दो मासूम बहनें

**इंदौर।** खेलते-खेलते घर का रास्ता भटकी दो मासूम बहनों को बाणगंगा पुलिस ने ढूंढ निकाला। परिजनों ने बच्चियों की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने बच्चियों को तलाशना शुरू किया। मशक्कत के बाद दोनों बच्चियां न्यू जगन्नाथ नगर में मिली है। जब बच्चियों से उनके बारे में पूछा तो वह कुछ जानकारी नहीं दे पाई। काफी प्रयासों के बाद पुलिस न्यू राम नगर पहुंची। यहां बच्चियों को उनके माता-पिता को सौंपा।

# ट्रेन में लड़े दंपती, पत्नी को बुरी तरह पीट दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दंपती अजमेर जियारत करने के लिए गए,वहां से लौटते समय ट्रेन में ही आपस में झगड़ लिए। गुस्साए पति ने पत्नी को ट्रेन में ही जमकर पीटा। पत्नी ने इंदौर पहुंचकर मामले में रिपोर्ट दर्ज करवाई। रेलवे के अनुसार खजराना निवासी सिमरन शाह ने पति निजाम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। सिमरन अपने दोनों बच्चों और पति निजाम के साथ अजमेर गई थी। कल दंपती बच्चों के साथ लौट रहे थे। फतेहाबाद स्टेशन के नजदीक पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि निजाम ने सिमरन को ट्रेन में ही कूटना चालू कर दिया। उसने सिमरन के चेहरे पर जमकर लात घूंसे बरसाए और उसका चेहरा सूजा दिया। सिमरन इंदौर स्टेशन पर उतरी और सीधे रेलवे स्टेशन थाने पर जाकर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है।

# नगर निगम आयुक्त ने रात में किया आकस्मिक निरीक्षण

## सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, दुकानदारों को दिए निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम आयुक्त ने सख्ती दिखाई है। रात में औचक निरीक्षण कर उन्होंने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।**

नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा सोमवार रात आदर्श रोड गिटार चौराहे से पत्रकार चौराहा होते हुए पत्रकार कॉलोनी, पलासिया, गीता भवन चौराहा, आजाद नगर, मूसाखेड़ी रोड, आईटी चौराहा तथा अन्य स्थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को देखा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी साथ थे।

आयुक्त वर्मा द्वारा निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को डस्टबीन दुकान के बाहर रखने,नागरिकों को कचरा डस्टबीन में डालने की समझाइश दी गई। सीएसआई को सफाई के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही नागरिकों और ग्राहकों से भी चर्चा की गई । सुलभ कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए गए।

# 20 दिन बाद पकड़ाया ज्वेलरी दुकान का नौकर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** ज्वेलरी दुकान से 25 तौला के 8 मंगलसूत्र चुराने वाले बदमाश को तुकोगंज पुलिस ने राजस्थान से पकड़ा है। उसने करीब 20 दिन पहले दुकान में काम करने के दौरान वारदात को अंजाम दिया था। 12 अक्टूबर के एमजी रोड स्थित पंजाब ज्वेलर्स के मैनेजर नरेन्द्र त्रिपाठी ने शिकायत की थी कि ग्राहकों को जेवर दिखाते समय नौकर प्रदीप पिता दौलतराम कटारा निवासी भरतपुर ने मंगलसूत्र चुरा लिए थे। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में आए फुटेज के आधार पर उसके द्वारा वारदात करना सामने आया था। घटना कारित कर बदमाश फरार हो गया था। पुलिस से बचने उसने मोबाइल बंद कर लिया था, जिससे उसकी वास्तविक लोकेशन नहीं मिल पा रही थी। इस पर पुलिस ने सीडीआर से आरोपी प्रदीप की प्रेमिका का पता ढूंढ निकाला। प्रेमिका नईदिल्ली में रहती थी। उसने पूछताछ में बताया था कि आरोपी राजस्थान में इधर-उधर घुम रहा है। मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# शंका में युवक को कर दिया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जादू-टोने की शंका में महिला सहित तीन लोगों ने युवक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना आजाद नगर इलाके में हुई। पुलिस के अनुसार भास्कर उर्फ राधे पिता नारायण वर्मा निवासी मयूर नगर मूसाखेड़ी की शिकायत पर नीलेंद्र, अमन सेन और मीराबाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। भास्कर ने पुलिस को बताया कि अमन ने जादू टोने करने के बाद नींबू को उसके घर के पास फेंका था। इस बात की शिकायत उसने अमन के पिता से की। इसी को लेकर अमन और उसके पिता नाराज हो गए और उन्होंने भास्कर पर हमला कर उसे घायल कर दिया।

# खाद खत्म, लाइन लंबी

## किसान बोले- नेता और उनके चहेतों को भेज दिया गया खाद

## अफसर- एकदम मांग बढ़ने से सप्लाई प्रभावित, रैक लगा है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सागर । धनतेरस पर किसान खाद के लिए लाइन में लगे हैं। सोसायटियों के बाहर रात गुजार रहे हैं कि आज नहीं तो कल खाद मिल ही जाएगा, लेकिन प्रशासन डिमांड के अनुसार खाद की आपूर्ति नहीं कर पा रहा है। इससे जिलेभर में खाद के लिए किसान परेशान हैं।

मंगलवार को सोसायटियों के बाहर किसानों की लंबी-लंबी लाइन लगी थीं। आरोप-प्रत्यारोप के बीच किसान गुस्से में दिखे। किसी को 10 की जगह 2 बोरी मिल पाईं तो किसी को अकेला यूरिया मिल पाया। अब गोदामों में खाद खत्म हो चुकी है। किसानों का आरोप है कि नेताओं और उनके चहेते बड़े किसानों को खाद भेजा जा रहा है।

जो किसान लाइन में लगे हैं उन्हें कमी बताई जा रही है। दूसरी तरफ अफसर कह रहे हैं कि एकदम से खाद के लिए किसानों के आने से डिमांड के अनुसार खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। रैक लगा है। जल्द किसानों को खाद उपलब्ध होगी।




### डीएपी की जगह ग्रोमोर दी, वह भी खत्म

किसान डीएपी की मांग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें वैकल्पिक खाद एनपीके यानी ग्रोमोर दी जा रही है। इसके परिणाम को लेकर किसान आशंकित हैं। हालांकि कृषि वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि वैकल्पिक खाद डीएपी की तरह ही काम कर रही है। बोवनी के पहले पूरे खेत में सिंचाई की तरह पानी छोड़ा जाता है। इसमें खेत के हिसाब से और उपलब्ध संसाधन के आधार पर समय लग जाता है। किसान अब बोवनी करने की तैयारी कर चुके हैं।

कोशिश है कि दिवाली के पहले बीज खेत में डाल दिया जाए। इसके लिए खाद की जरूरत है। एक साथ जिलेभर में खाद की डिमांड बढ़ गई है। जिससे गोदामों में जो खाद उपलब्ध था वह एक दिन में ही बंट गया। रोज सैकड़ों की तादाद में किसान डबल लॉक और मार्कफेड केंद्रों के बाहर लाइन में दिख रहे हैं।

### खुरई रोड की निजी गोदाम से पुलिस के मौजूदगी में हुआ वितरण

खुरई रोड कृषि उपज मंडी में मार्कफेड का केंद्र बना हुआ है। यहां किसानों की कतार देख लोग पास में ही नंदकिशोर कोमलचंद के निजी गोदाम पर पहुंचे। एक साथ 500 किसानों के पहुंचने से यहां रोड जाम हो गई। भीड़ को देखते हुए मोतीनगर पुलिस बुलानी पड़ी।

नंदकिशोर कोमलचंद के प्रबंधक नर्बदा पटेल ने बताया कि ग्रोमोर का जितना स्टॉक था, वह आज ही खत्म हो गया है। 56000 बोरियों का रैक लगा है। सोमवार को मंडी मार्कफेड के केंद्र और हमारे यहां से 1200-1200 बोरी डीएपी बांटा गया। किसानों को खाद वितरण के संबंध में पर्याप्त जानकारी न होने से भी दिक्कत हो रही है।

### रैक लगा है, किसानों को जल्द खाद मिलेगी

मप्र राज्य विपणन संघ की प्रबंधक राखी रघुवंशी ने बताया कि दो दिन पहले 1470 मीट्रिक टन डीएपी आया था जो कि बंट गया है। अब बुआई का समय आ गया है इसलिए किसान एक साथ सोसायटियों पर पहुंच रहे हैं। उपलब्ध खाद के हिसाब से वितरण हो रहा है। डीएपी व यूरिया का रैक लगा है।

### शाम को 5 ट्रक आए थे, सुबह बोले खत्म

खाद की लाइन में लगे किसान प्रसादी पटेल ने बताया कि सोमवार को शाम तक हम लोग केंद्र पर थे। 5 ट्रक खाद आया था। सुबह आए तो हम लोगों से कहा गया कि खाद खत्म हो गया है। यूरिया चाहिए तो ले जाओ। नेताओं और बड़े किसानों को खाद भेजा जा रहा है। इधर लाइन में लगा किसान परेशान है। सोठिया के किसान रूपसिंह ने बताया कि दो दिन से खाद के लिए लाइन में लग रहे हैं। धनतेरस के दिन भी लाइन में थे, लेकिन खाद नहीं मिल पाई।

## लोकायुक्त पुलिस की कार्रवाई, 4000 की रिश्वत लेते लाइनमैन गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। उज्जैन में लोकायुक्त की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली कंपनी के लाइनमैन को चार हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बिजली का पोल लगाने के लिए आठ हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। लोकायुक्त डीएसपी बसंत श्रीवास्तव ने बताया कि किसान पवन सगीत्रा ने 25 अक्तूबर को लोकायुक्त कार्यालय उज्जैन को लिखित शिकायत की थी। इसमें उसने बताया था कि खेत पर बिजली का खंबा ट्रैक्टर की टक्कर लगने से गलती से गिर गया था। इसको वापस लगवाकर बिजली बहाल कराने के लिए बिजली कंपनी गिनोदा, जिला उज्जैन के लाइनमैन रामचंद्र धाकड़ से सम्पर्क किया गया। तब आरोपी ने उससे इस काम को करने के लिए आठ हजार रुपए की रिश्वत मांगी। लोकायुक्त की जांच में किसान की शिकायत सही निकली। हालांकि आरोपी रामचंद्र किसान से रिश्वत के आठ हजार में से चार हजार रुपए पहले ही ले चुका था। अब दूसरी किस्त के रूप में बाकी के चार हजार लेने के लिए गिनोदा चौपाटी पर बुलाया था। यहां चार हजार रुपए की रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## PCC की दूसरी लिस्ट जारी, नवनियुक्त सचिव का इस्तीफा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। दो दिन पहले मध्यप्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित होने के बाद मंगलवार देर रात एक लिस्ट जारी की गई है। इसमें 25 सदस्यीय पीएसी समेत 84 सचिव और 36 संयुक्त सचिव नियुक्त किए गए हैं। पीएसी में कमलनाथ, नकुलनाथ के साथ ही दिग्विजय सिंह को भी शामिल किया गया है।**

पहली लिस्ट में कुल 177 पदाधिकारी घोषित किए गए थे। दूसरी लिस्ट में कुल 158 पदाधिकारी बनाए गए हैं। दोनों सूचियों को मिलाकर अब एमपी कांग्रेस कमेटी में 335 पदाधिकारी हो गए हैं। लिस्ट आने के डेढ़ घंटे बाद ही नवनियुक्त सचिव मोनू सक्सेना ने किसी और को मौका देने की बात कहते हुए इस्तीफा दे दिया है।

बता दें कि पहली लिस्ट जारी होने के बाद पार्टी नेताओं में भारी नाराजगी थी। इंदौर कांग्रेस के नेता प्रमोद टंडन ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह भी सवाल उठा रहे थे। वहीं, पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ को पीसीसी की टीम में जगह नहीं दिए जाने पर बीजेपी की ओर से भी हमला हो रहा था। नेताओं की नाराजगी बढ़ती देख दूसरी लिस्ट जारी की गई है।

दरअसल, सरकार ने मध्यप्रदेश के संभाग, जिलों तहसीलों और प्रशासनिक सीमाओं का परिसीमन करने के लिए परिसीमन आयोग का गठन किया है। इसमें दो रिटायर्ड अफसरों की नियुक्ति भी हो चुकी है। इसीलिए कांग्रेस ने प्रशासनिक परिसीमन और विधानसभा-लोकसभा सीटों के परिसीमन को देखते हुए इस कमेटी का गठन किया है।

टीम जीतू में सचिव बनाए गए नेताओं में कई ऐसे नाम शामिल हैं, जो विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट की रेस में थे। कुछ ऐसे नेताओं को भी सेक्रेटरी बनाया है जो चुनाव हार गए थे। राजनगर के पूर्व विधायक विक्रम सिंह नातीराजा की पत्नी कविता राजे (पूर्व नपाध्यक्ष) को सेक्रेटरी बनाया गया है। वहीं, पूर्व विधायक कल्पना वर्मा (रैगांव), मेवाराम जाटव (गोहद), नीरज दीक्षित (महाराजपुर) जैसे पूर्व विधायकों को सचिव बनाया गया है।

# दुर्लभ संयोग, चर योग सिद्धि योग में 31 अक्तूबर को मनेगा दीपोत्सव, निशीथ काल में लक्ष्मी पूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। 31 अक्तूबर कार्तिक माह कृष्ण पक्ष प्रदोष व्यापिनी निशा रात्रि अमावस्या गुरुवार में दुर्लभ संयोग चंद्रमा-तुला राशि नक्षत्र-चित्रा के साथ चर योग सिध्दि योग में दीपोत्सव का पर्व मनाया जायेगा। ज्योतिर्विद पं अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार सनातन धर्म में तिथियों और व्रत-त्योहारों की गणना वैदिक पंचांग के आधार पर की जाती है। परंपरागत रूप से, दीपावली का पर्व कार्तिक माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। लेकिन इस साल अमावस्या तिथि का विस्तार 31 अक्तूबर और 1 नवंबर दोनों दिन तक हो रहा है, जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

पंचांग के अनुसार, दीपावली उस दिन मनाई जाएगी, जब प्रदोष व्यापिनी महानिशीथ रात्रि अमावस्या तिथि की प्रधानता रात्रि में अधिक होगी, जो रोशनी के पर्व का प्रतीक है। वैदिक पंचांग शास्त्र के अनुसार ज्योतिष और मुहूर्त शास्त्र के अनुसार देखा जाए तो पारंपरिक मान्यता के अनुसार लक्ष्मी पूजन के लिए प्रदोष काल और निशीथ काल का विशेष महत्व है। लक्ष्मी पूजन और दीपावली का पर्व मनाना अत्यंत शुभ माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां लक्ष्मी का प्रादुर्भाव प्रदोष काल में हुआ था, इसलिए निशीथ काल में लक्ष्मी पूजन और साधनाएं विशेष महत्व रखती हैं। इस समय दैवीय और आसुरी दोनों शक्तियां सजीव होती है और फल देती हैं इसलिए, तिथि का चयन इस बात पर निर्भर करता है कि पूजा के समय अमावस्या तिथि निशिताकाल 31 अक्तूबर को करना चाहिए जो श्रेष्ठ माना जायेगा किसी भी प्रकार भ्रम की स्थिति उत्पन्न न होना चाहिए।

**प्रदोष काल में लक्ष्मी-गणेश जी कुबेर की पुजा करना शुभ-** ज्योतिर्विद पं अजय व्यास ने कहा कि कालगणना का केन्द्र उज्जैन शुरू से वैश्विक वैभव रहा है। दीपावली के दिन प्रदोष काल में लक्ष्मी-गणेश जी कुबेर की पुजा करना शुभ माना जाता है। गणेश जी को विघ्नों का नाश करने वाला माना जाता हैं। ज्योतिष शास्त्र में उल्लेखनीय दीवाली की रात को महानिशा की रात कहा जाता है, रात्रि काल में जिसे निशीथ काल या तुरीय संध्या कहते हैं, यह समय काल तंत्रादि सिद्धियों के लिए सर्वोत्तम होता है।

**दीपावली पर पूजन का मुहूर्त-** ज्योतिर्विद पं अजय व्यास के अनुसार दीपावली पर पूजन का मुहूर्त चर लग्न (मेष), प्रदोष काल सायंकाल 5 बजे से 6.39 बजे तक घर-परिवार (गृहस्थ), प्रदोष काल स्थिर लग्न (वृषभ) शाम 6 बजकर 45 मिनट लेकर 8 बजकर 40 मिनट तक रहेगा। तंत्र मंत्र सिद्धि राज्य सुख संबंधित कार्य के लिए लक्ष्मी पूजा का निशिता मुहूर्त स्थिर लग्न-सिंह 31 अक्तूबर को रात 1 बजकर 15 मिनट से देर रात 3:05 बजे तक है।

## संपादकीय


# अभी भी कर रहे नजरअंदाज

आधुनिक तकनीकी सुविधाओं के विस्तार के साथ इससे जुड़े जटिल खतरे अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बनने लगे हैं। ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें किसी व्यक्ति को वीडियो काल करके उसे बातों के जाल में फंसाया गया, उसके या उसके बच्चों के किसी अपराध में शामिल होने की बात करके डराया गया, घर के एक कमरे में बंद रहने और फिर एक बड़ी रकम भेजने पर मजबूर किया गया। इसे आजकल 'डिजिटल अरेस्ट' कहा जा रहा है। इस संजाल में लोगों के फंसने के कई मामले सामने आ चुके हैं। आम जिंदगी में तकनीक के लगातार बढ़ते दखल और उस पर निर्भरता के समांतर निश्चित तौर पर यह व्यापक चिंता का विषय है और इसके बारे में जनता के बीच जागरूकता फैलाने से लेकर इससे निपटने के लिए ठोस उपाय निकालने की जरूरत है। इसी के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम में इंटरनेट के सहारे 'डिजिटल अरेस्ट' या अन्य तरीकों से चल रही ठगी को लेकर आम जनता को यह संदेश दिया कि वे इस संजाल में न फंसें। यह जगजाहिर तथ्य है कि अक्सर लोगों के पास इस तरह के फोन आते रहते हैं, जिनमें पुलिस अधिकारी के वेश में कोई व्यक्ति वीडियो काल करके खुद को किसी महकमे या संस्थान का अधिकारी बता कर किसी से जुर्माना या फिर पैसा चुकाने को कहता है। फोन पर ऐसे आधार या संदर्भ बताए जाते हैं कि कई लोग डर कर बातों के जाल में फंस जाते हैं और मांगी गई रकम बैंक खाते के जरिए भेज देते हैं। जबकि हकीकत यह है कि कोई भी सरकारी एजंसी किसी व्यक्ति को फोन पर वीडियो या आडियो के जरिए बात करके न तो किसी संबंध में पूछताछ करती है और न ही पैसों की मांग करती है। मगर इस सामान्य जानकारी से अनजान कई लोग फोन पर ठगी करने वालों की बातें मान लेते हैं। बाद में जब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का पता चलता है, तब तक उनके साथ बहुत कुछ गड़बड़ हो चुका होता है। जाहिर है, इंटरनेट के इस्तेमाल से संबंधित जागरूकता और प्रशिक्षण के अभाव या फिर साइबर अपराधों की दुनिया से अनजान लोग ऐसी ठगी में फंस कर कई बार बड़ा नुकसान उठाते हैं।

**अर्ज किया है..!**

*न कोहकन हैं न मजनूँ कि थे मिरे हमदर्द*
*मैं अपना दर्द-ए-मोहब्बत कहूँ तो किस से कहूँ*

*-बहादुर शाह ज़फ़र*




## ज्ञान-विज्ञान

# इतने शहर हैं इंडिया में, दिल्ली ही क्यों प्रदूषण से जूझ रही? मुंबई-बेंगलुरु-चेन्नई-कोलकाता का क्या हाल है

सबसे पहले जानिए चारों बड़े शहरों में अलग-अलग स्टेशनों पर दर्ज AQI के बीच का अंतर कितना है. यानी सबसे साफ हवा और गंदी हवा के बीच का आंकड़ा. ये आज का डेटा है. जिसे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) ने जारी किया है.

मुंबई... 41 से 139
बेंगलुरू... 37 से 146
चेन्नई... 76 से 185
कोलकाता... 67 से 94

और अब जानिए दिल्ली की स्थिति ... 189 से 327. चारों मेट्रो शहर के किसी भी स्टेशन से दिल्ली का प्रदूषण स्तर दोगुना या उससे ज्यादा है. पर क्यों...

### दिल्ली में प्रदूषण की वजहें

**पराली जलाना... जहर बनने की शुरूआत-** हर साल पंजाब और हरियाणा में जैसे ही ठंड का मौसम आने लगता है, पिछली फसलों के बचे हुए हिस्सों को जलाया जाता है. इन्हें पराली जलाना (Stubble Burning) कहते हैं. इस बार मॉनसून देरी से गया है तो पिछली फसल की सफाई और अगली फसल की तैयारी भी देर से शुरू हुई है. इसलिए इन राज्यों में खेतों में पराली जलाने का मामला भी लेट से शुरू हुआ. यानी ये लंबे समय तक चलेगा.

**हवा की दिशा... जहर को पहुंचाने का काम-**



दिल्ली की हवा में जहर घोलने में बड़ा योगदान हवा का भी है. यानी हवा की दिशा (Wind Direction). हवा की दिशा, गति और नमी ये तीनों फैक्टर दिल्ली-NCR के फेफड़ों में जहर भरते हैं. मॉनसून के बाद और सर्दियों से पहले हरियाणा-पंजाब की तरफ से हवा दिल्ली की तरफ चलती है. ये हवा पाकिस्तान की तरफ से आती है. जिसमें बारी धूलकणों की मात्रा ज्यादा होती है.

इस हवा के साथ पराली जलाने से निकलने वाला जहरीला धुआं भी आता है. चुंकि मॉनसून के जाने के ठीक बाद हवा में नमी होती है. ये भारी होती है, चारों तरफ स्मोग (SMOG) नीचे दिखता है. हवा की दिशा बदले तो स्थिति सुधर सकती है.

**तापमान का बदलना... जहर बढ़ाने का काम-** दिल्ली की सर्दियों में लगातार होने वाले तापमान के बदलाव से भी प्रदूषण बढ़ता है. इसे टेंपरेचर इन्वर्शन (Temperature Inversion) कहते हैं. इससे ठंडी हवा के ऊपर गर्म हवा की परत बनती है. जिससे सारे प्रदूषणकारी तत्व सतह पर ही रुक जाते हैं. तापमान में बदलाव की वजह गाड़ियों से होने वाला प्रदूषण, उद्योग, पराली जलाना ... कुछ भी हो सकता है.

**गाड़ियों से होने वाला प्रदूषण... सोने पर सुहागा-** दिल्ली की आबादी शहर के क्षेत्रफल के हिसाब से ज्यादा है. साथ ही गाड़ियों की संख्या भी बहुत ज्यादा है. दिल्ली में 25 फीसदी PM2.5 उत्सर्जन गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण की वजह से होता है. दिल्ली के अंदर और आसपास बनी इंडस्ट्री से निकलने वाले गैस और केमिकल्स की वजह से भी वायुमंडल में बदलाव आता है. प्रदूषण बढ़ता है.

**प्रदूषण के अन्य सोर्स... जो बढ़ाते हैं मुसीबत-** सूखे इलाकों से आने वाली सूखी हवा के साथ रेत के कण. दिवाली के दौरान पटाखों से निकलने वाले केमिकल और उत्सर्जन, घरेलू बायोमास का जलाना भी सर्दियों में प्रदूषण को बढ़ा देता है. IIT कानपुर की स्टडी के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में 17-26 फीसदी PM उत्सर्जन बायोमास के जलाने से होता है.

अब तो दीवाली आ रही है. दिल्ली में पटाखों पर शत-प्रतिशत बैन कागजों पर तो होगा. लेकिन प्रैक्टिकली ये संभव नहीं है. दिल्ली के आसपास के जिलों में तो पटाखें फूटेंगे. लोग मानेंगे नहीं. इसकी वजह से प्रदूषण जानलेवा स्तर तक बढ़ेगा. गर्मी के साफ आसमान से लेकर सर्दियों के धुंधले आकाश तक दिल्ली की हवा बिगड़ती चली जाती है.

New Delhi

# लॉरेंस बिश्नोई के जेल वाले इंटरव्यू पर फिर भड़का HC, कहा- मिले हुए हैं पुलिस और अपराधी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** लॉरेंस बिश्नोई इंटरव्यू मामले में विशेष जांच दल (SIT) द्वारा दायर की गई रद्दीकरण रिपोर्ट पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताई थी। इसके कई दिनों के बाद हाईकोर्ट के ही एक खंडपीठ ने निर्देश दिया है कि इस मामले की जांच के लिए एक नई एसआईटी का गठन किया जाना चाहिए। इस मामले को आपराधिक साजिश, उकसावे, जालसाजी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत जांच करने के लिए कहा गया है।

न्यायमूर्ति अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल और न्यायमूर्ति लपिता बनर्जी की खंडपीठ ने जोर देकर कहा कि सीआरपीसी की धारा 173 के तहत दायर इस रिपोर्ट को देखने के बाद यही लगता है कि इस मामले में पुलिस अधिकारियों और अपराधी के बीच सांठगांठ है।



पीठ ने इसे अपराध मानते हुए कहा कि पुलिस अधिकारियों ने अपराधी को जेल में एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग करने की अनुमति दी। इंटरव्यू के लिए जेल में एक स्टूडियो जैसी सुविधा प्रदान की। इससे अपराध का महिमामंडन किया जा रहा है। उसके साथियों द्वारा जबरन वसूली सहित अन्य अपराधों को बढ़ावा देने की मकसद से ऐसा किया गया।

पीठ ने कहा, 'पुलिस अधिकारियों की संलिप्तता से अपराधी या उसके साथियों से अवैध रिश्वत लेने का संकेत मिलता है। यह भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध बनता है। इसलिए मामले की आगे जांच की आवश्यकता है।'

Odisha

# लव अफेयर में खूनी संघर्ष... सोते समय 3 महिलाओं सहित पांच की हत्या

## एक महिला और बच्चों को बनाया बंधक



**ओडिशा, (एजेंसी) ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में मंगलवार की रात खौफनाक घटना सामने आई है. यहां लव अफेयर को लेकर हिंसक झड़प हो गई, जिसमें तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं चार लोग घायल हो गए. घटना की जानकारी के बाद इलाके में दहशत फैल गई. सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और जायजा लिया. पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है.**

जानकारी के अनुसार, यह घटना सुंदरगढ़ सदर पुलिस थाना क्षेत्र में हुई. घटना के पीछे वजह प्रेम-प्रसंग थी. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि महाराष्ट्र के घुमंतू समूह के अविनाश पवार नाम के व्यक्ति का स्थानीय लोगों के साथ विवाद हो गया. पवार ने दो शादियां की थीं और दोनों ही शादियों से उसके बच्चे हैं. स्थानीय लोगों के साथ अविनाश का प्रेम-प्रसंग को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि हिंसक झड़प शुरू हो गई.

रात करीब 11 बजे जब घुमंतू समुदाय के लोग सोए हुए थे, उसी दौरान हमलावरों ने छुरे से लैस होकर अचानक उन पर हमला कर दिया. इस हमले में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि अविनाश और एक अन्य महिला घायल हो गई. इसके बाद हमलावरों ने घटनास्थल से भागकर अविनाश की दूसरी पत्नी और दो बच्चों को बंधक बना लिया.

Noida

# बैंक्वेट हॉल में आधी रात लगी भयानक आग, 1 की मौत, खाक हुई करोड़ों की संपत्ति

**नोएडा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश में नोएडा के सेक्टर-74 स्थित निर्माणाधीन लोटस ग्रेनेडियर बैंक्वेट हॉल में मंगलवार रात एक भयानक आग लग गई, जिसमें एक इलेक्ट्रिशियन की जलकर मौत हो गई. रात करीब 3 बजे लगी इस आग ने कुछ ही देर में पूरे बैंक्वेट हॉल को अपनी चपेट में ले लिया. आग की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं. बैंक्वेट हॉल का आकार बड़ा होने के कारण आग पर काबू पाने में काफी वक्त लग गया. गौतमबुद्ध नगर के डीसीपी और सीएफओ सहित अन्य अधिकारी भी घटनास्थल पर मौजूद रहे और फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर कंट्रोल पाया. डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने बताया कि घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है, और संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई जारी है. इस घटना में बैंक्वेट हॉल का अधिकतर हिस्सा जलकर खाक हो गया, जिससे करोड़ों का नुकसान हुआ है.

Odisha

# गांव वालों ने नहीं दफनाने दी लाश, 32 घंटे बाद सरकारी जमीन पर हुआ अंतिम संस्कार

**नवरंगपुर, (एजेंसी)** ओडिशा के नवरंगपुर के पापड़ाहांडी से एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है. यहां धर्मांतरण करने की वजह से एक व्यक्ति के शव को लगभग 32 घंटे तक गाड़ने की जगह नहीं दी गई. गांव वालों ने अपने शमशान में मृत शरीर को गाड़ने की अनुमति नहीं दी जिसके चलते अतिरिक्त तहसीलदार और पुलिस को मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा. सूचना के मुताबिक करीब 2 साल पहले पंडीकोट गांव के डोमू जानी ने हिंदू धर्म से ईसाई धर्म अपना लिया था.अब डोमू जानी का कल सुबह निधन हो गया. धर्म परिवर्तन के कारण परिवार के लोग चिंतित थे कि मृत शरीर को कहां दफनाया जाए . जब परिजनों ने ग्रामीणों से गांव के कब्रिस्तान में जगह देने का अनुरोध किया तो उन्होंने कब्र के लिए जगह देने की इजाजत नहीं दी. यहां तक कि मृत शरीर को कंधा देने के लिए कोई सामने तक नहीं आया. अतिरिक्त तहसीलदार और पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाने की कोशिश करते रहे पर ग्रामीण राजी नहीं हुए. लंबे समय तक बहस चलने के बाद ग्रामीण राजी हुए. अतिरिक्त तहसीलदार ने एक स्थान निश्चित किया. कंधा देने जब कोई सामने नहीं आ रहा था तब कुछ स्थानीय पत्रकारों ने कदम आगे बढ़ाया और लाश को कंधा दिया. पत्रकारों को देख बाकी ग्रामीण भी आगे आए और लाश को मौत के 32 घंटे बाद, आखिरकार दफनाया गया.



खेल

# वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंची दीप्ति शर्मा मंधाना को बल्लेबाजों की रैंकिंग में नुकसान

**नई दिल्ली। भारतीय टीम की स्टार स्पिनर दीप्ति शर्मा को न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज में दमदार प्रदर्शन का फायदा मिला है। मंगलवार को आईसीसी की तरफ से जारी की गई ताजा वनडे रैंकिंग में वह दो स्थानों की छलांग लगाकर दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। शीर्ष पर 770 अंकों के साथ इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन हैं।**

न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी घरेलू सीरीज में दीप्ति ने अपनी घातक गेंदबाजी से दो विकेट हासिल किए हैं। इस दौरान उनका इकोनॉमी रेट 3.42 का रहा। आज दोनों टीमों के बीच इस सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला खेला जा रहा है। फिलहाल यह सीरीज 1-1 की बराबरी पर है।

27 वर्षीय खिलाड़ी ने हाल ही में समाप्त हुए टी20 विश्व कप में दमदार प्रदर्शन किया था। अब उन्होंने वनडे सीरीज में अपना दम दिखाया है। इसका फायदा उन्हें आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में मिला है। दीप्ति पहली बार अपने करियर में आईसीसी की वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंची हैं।

शीर्ष 10 के अलावा भी आईसीसी की वनडे रैंकिंग में कुछ बदलाव हुए हैं। न्यूजीलैंड की ली ताहुहू तीन पायदान के फायदे के साथ 12वें स्थान पर पहुंच गई हैं। अमेलिया केर 13वें और कप्तान सोफी डिवाइन नौ स्थानों के फायदे के साथ 30वें पायदान पर पहुंच गई हैं।



स्मृति मंधाना को बल्लेबाजों की वनडे रैंकिंग में तगड़ा झटका लगा है। वह एक स्थान के नुकसान के साथ चौथे पायदान पर पहुंच गई हैं। उनके खाते में 705 अंक हैं। वहीं, कीवी टीम की कप्तान सोफी डिवाइन तीन स्थानों के फायदे के साथ आठवें पायदान पर पहुंच गई हैं।

सिनेमा

# सलमान खान को लगातार दूसरे दिन जान से मारने की धमकी, इस बार मांगी 2 करोड़ की फिरौती



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर धमकी मिली है। खबर है कि धमकी देने वाले ने करोड़ों रुपये की फिरौती की मांग की है। एक दिन पहले ही पुलिस ने NCP यानी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधानसभा उम्मीदवार जीशान सिद्दीकी और सलमान को धमकी देने वाले शख्स को उत्तर प्रदेश के नोएडा से गिरफ्तार किया था।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, धमकी देने वाले ने मुंबई ट्रैफिक पुलिस को मैसेज भेजा है। इसमें 2 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की गई है। धमकी भरा संदेश मिलने के बाद मुंबई के वर्ली में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर दी है और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, साफ नहीं है कि धमकी किसने दी थी।

करीब दो सप्ताह पहले ही मुंबई के बांद्रा इलाके में हमलावरों ने एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। कहा जा रहा था कि उस दौरान उनके बेटे जीशान भी निशाने पर थे। सिद्दीकी परिवार को सलमान का करीबी माना जाता है।

## Highlights

1. **Ayushman Bharat is failed scheme: Delhi Health Minister Bharadwaj**
2. **Won't endorse anyone related to Dawood: BJP as NCP fields Malik**
3. **We didn't play any role in India-China border agreement: US**
4. **Man who set off firecrackers at Kerala temple, 2 others arrested**
5. **2-yr-old Kenyan boy becomes India's youngest pancreatic donor: Hospital**
6. **₹20 lakh found from arrested journalist Langa's house, he & wife earned ₹15 lakh: Police**

# Apple's redesigned the Mac mini, and it is incredibly compact

**NEW DEIHI, (Agency).** Apple's senior vice president of Worldwide Marketing Greg 'Joz' Joswiak wasn't kidding, when he'd warned the world late last week, that this was going to be a busy time with Mac refreshes. Second day of this week, and following the iMac refresh, it is time for a wholesome generational switch for the Mac mini. Secondly, the Mac Mini which is a full-fledged computing device, is now almost as small as an Apple TV 4K. Is there any Windows PC that comes close to this sort of a form factor, with a chip as powerful as the M4? Not even close. That's even before we get to the specifics of Apple Intelligence, with its envisioned on-device compute as well as Private Cloud Compute for when something's being sent for server side processing.



The dimensions read 5-inches in width, 5-inches in depth and just 1.96-inches in height, within which you can choose from an M4 or an M4 Pro chip. In comparison, a familiar puck design of the Apple TV 4K is almost 4-inches in width and depth, and 1.22-inch in height. It's been a while since the Mac mini was last refreshed, with the M2 series chips. Could the new Mac mini become portable to the extent, you could carry this puck-like computing device around, and connect it to another display or TV? In theory, it is very much possible.

"The new Mac mini delivers gigantic performance in an unbelievably small design thanks to the power efficiency of Apple silicon and an innovative new thermal architecture. Combined with the performance of M4 and the new M4 Pro chip, enhanced connectivity on both the front and back, and the arrival of Apple Intelligence, Mac mini is more capable and versatile than ever, and there is nothing else like it," says John Ternus, Apple's senior vice president of Hardware Engineering.

Apple says the new Mac mini is a twentieth the size of the outgoing Mac mini design, and yet is as much as 6 times faster than the previous generations. There are three Thunderbolt ports, HDMI, and Gigabit Ethernet at the back, along with two USB-C ports as well as a 3.5MM headphone jack at the front.

# Marico share price up 9% after Q2 results showed 20% net profit uptick

**NEW DEIHI, (Agency).** Marico share prices was rose much as 9.3% during today's trading session following the announcement of its second quarter earnings yesterday which showed the FMCG giant saw a 20% jump in net profit compared to the same quarter of the previous year.



The company's shares rose to an intra-day high of ₹687.30, which is a 9.303% gain over its previous close of ₹628.80.

For reference, its 52-week high was ₹719.80.

Even the opening was optimistic, with the shares opening 6.5% up or at ₹669.95 from its previous close.

श्रीहरि
www.shreehari.org

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक